पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने दुःख व्यक्त किया

लखनऊः 25 अप्रैल, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने भूकम्प के कारण प्रदेश, देश एवं पडोसी देश नेपाल में हुई जान और माल के नुकसान पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में भूकम्प को अत्यन्त दुखःद बताते हुए कहा है कि इस कठिन समय में पूरा देश उनके साथ है। दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना करते हुए उन्होंने परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की है।